# *कार्यालय कार्यपालन अभियंता*
## *जल संसाधन संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)*

***Telephone & Fax No. (07744-224112), Email : eewrdrjn6.2011@rediffmail.com***


ज्ञापन क्रमांक................. / ........... / 2016, राजनांदगांव, दिनांक / / 2016.

**/ /जस्टिफिकेशन प्रमाण पत्र/ /**

परियोजना के लिये चुना गया स्थल ही उपयुक्त पाया गया। वैकल्पिक स्थलों की जॉच की गई थी पर वे स्थल उपयुक्त नहीं पो गये। अतः उन्हे नामंजूर किया गया।

राजनांदगांव जिले के मोहला विकासखंड अन्तर्गत मरकाटोला जलाशय का निर्माण राहत मद के अन्तर्गत वर्ष 1976–77 में प्रारंभ किया गया था। कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर राजनांदगांव के पत्र क्रमांक K/Ra-Ka-L/77 दिनांक 18.12.1977 द्वारा राशि रू0 12.6 लाख की प्रदाय की गई थी इस योजना से पांच ग्राम मरकाटोला, वासड़ी, साल्हे, रहोरा तथा टेमली की 486 हेक्टेयर (1200 एकड़) सिंचाई प्रस्तावित है।

योजना को प्लान मद के अन्तर्गत राशि रू0 24.00 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मध्यप्रदेश सिंचाई विभाग के पत्र क्रमांक 39/42/81/MI/39 भोपाल दिनांक 05.02.1982 द्वारा प्रदाय की गई योजना में राशि रू0 21.03 लाख व्यय कर 50% शीर्ष कार्य 1065 मी0 लम्बा में से 450 मी0 नाला पोर्सन छोडकर शेष बांध का कार्य पूर्ण कर लिया गया तथा 75% नहर कार्य बॉयी तथा दॉयी तट नहर कार्य में मिट्टी कार्य पूर्ण किया जा चुका है केवल स्ट्रक्चर कार्य शेष है योजना की रूपांकित सिंचाई क्षमता 486 हेक्टेयर है। इस योजना में वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव में दरों की अप्रत्याशित वृद्धि तथा वर्तमान में यू.सी.एस.आर. अनुसार पुनः प्राक्कलन में अत्यधिक वृद्धि संभावित है। अतः योजना की वर्तमान लागत राशि रू. 1380.00 लाख संभावित है।

योजना 48.83 हेक्टेयर वन भूमि 27.013 हेक्टेयर निजी भूमि एवं 13.047 हेक्टेयर राजस्व (शासकीय) भूमि डुबान में आ रही है।

इस योजना के पूर्ण होने से पांच ग्राम मरखाटोला, वासड़ी, साल्हे, रहोरा तथा टेमली की 486 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

कार्यपालन अभियंता, .
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ0ग0)